कोटद्वार, शुक्रवार
14 जून 2024
वर्ष: 46
अंक: 53 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मसूरी पहुंचने में पर्यटकों को करनी पड़ रही भारी मशक्कत, घंटों इंतजार के बाद मिली बस

देहरादून। मैदानी इलाकों में बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए पर्यटक मसूरी आ रहे हैं, लेकिन मसूरी पहुंचने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। गुरुवार को रेलवे स्टेशन स्थित मसूरी बस अड्डे से मसूरी के लिए घंटों इंतजार के बाद बसें मिल पाई। हालांकि, रोडवेज ने बसों के फेरे बढ़ाए, लेकिन भीड़ के आगे बसों की कमी पूरी नहीं हो पाई। बस अड्डे पर सुबह दस बसे से ही भीड़ जुटने लगी थी। दिल्ली, मरेठ, गाजियाबाद, नोएडा, हरियाणा, फरीदाबाद, हरिद्वार से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचे। भीड़ के चलते बसें कम पड़ गई। दोपहर तक टिकट काउंटर पर पर्यटकों की लंबी लाइन लग गई थी। घंटों इंतजार के बाद पर्यटकों को बस मिल पाई। रोडवेज के मंडलीय प्रबंधक (संचालन) संजय गुप्ता ने बताया कि दोपहर तक बसों ने मसूरी के 35 फेरे लगा दिए थे। भीड़ को देखते हुए बसों के फेरे बढ़ाए गए। बावजूद भीड़ कम नहीं हुई। बताया कि रोडवेज के पास सीमित बसें हैं, फिर भी पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है।

### मानसून से पहले मोटर पुलों का सेफ्टी ऑडिट शुरू

देहरादून। पीडब्ल्यूडी मानसून ने मानसून से पहले जिलेभर में सभी मोटर पुलों का सेफ्टी ऑडिट शुरू कर दिया है। इस दौरान यदि किसी पुल पर सुरक्षात्मक कार्य करने की जरूरत पड़ेगी तो वह करवाए जाएंगे। इसके साथ ही बरसात में सड़कों पर यातायात बहाल रखने के लिए 54 जेसीबी हायर की गई हैं। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के ईई जितेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मानसून से पहले हर साल मोटर पुलों का निरीक्षण किया जाता है, इस बार भी निरीक्षण काम शुरू हो गया है। प्रांतीय खंड के अंतर्गत 60 पुल आते हैं, सभी का निरीक्षण किया जा रहा है, यदि कहीं पर कोई कमी होगी तो उसमें सुधार किया जाएगा। इसके साथ ही बरसात में यदि मलबा आने से सड़कें बंद हो जाती हैं तो सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी हायर की गई है, जो भूस्खलन प्रभावित इलाकों के आसपास तैनात रहेगी। सभी जेबीसी पर जीपीएस लगावाए जा रहे हैं, ताकि उनकी लोकेशन भी ट्रेस की जा सके। वैकल्पिक रूटों पर जेसीबी रखी जाएंगी, ताकि लोगों को आवाजाही में किसी तरह की परेशानी ना हो।

### गाजियाबाद के लोनी इलाके में 3 मंजिला मकान में आग लगी, 2 बच्चों समेत 5 की मौत

गाजियाबाद,उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में बुधवार देर रात हादसा हो गया। यहां के लोनी बॉर्डर इलाके के बेहटा हाजीपुर गांव में एक 3 मंजिला मकान में आग लग गई।हादसे में 2 बच्चों समेत 5 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 2 महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। एक महिला और एक बच्चे को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।आग की सूचना पर अग्निशमन विभाग के वाहन मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया।

अपर पुलिस आयुक्त दिनेश पी ने बताया कि 3 मंजिला मकान में सबसे निचले तल पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है।उन्होंने बताया कि कमरे में काफी मात्रा में फोम शीट था, जिससे आग ने भयावह रूप धारण कर लिया।

# बिनसर अभयारण्य में लगी आग, 4 की मौत, 4 घायल



अल्मोड़ा। जनपद के बिनसर अभयारण्य वन क्षेत्र से एक अत्यंत दर्दनाक हादसे की खबर आई है। यहां वनाग्नि की चपेट में आने से 4 की दर्दनाक मौत हो गई है वहीं 4 घायल बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिनसर अभयारण्य में आग बुझाने गई टीम में 4 की मौत हो गई। गुरुवार अपराह्न बिनसर वन्य जीव अभयारण्य में आग बुझाने पहुंची टीम का वाहन वनाग्नि की चपेट में आ गया जिसमें झुलसकर फारेस्ट गार्ड, वन श्रमिक, पीआरडी जवान, फायर वॉचर की मौत हो गई। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। वहीं चार अन्य झुलसे घायलों को बेस अस्पताल ले जाया गया जहाँ से 2 घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

इस हादसे के साथ ही जनपद में इस सीजन में वनाग्नि की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या 9 पहुँच चुकी है। बता दें इससे पहले मई माह में सोमेश्वर क्षेत्र में वनाग्नि की चपेट में आने से 5 लोगों की मौत हो गई थी।

### तीन हजार यात्री चारधाम यात्रा पर रवाना

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की भीड़ ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए जुटी। सुबह से लेकर शाम तक यात्रियों ने कतारों में खड़े होकर पंजीकरण कराया। रजिस्ट्रेशन के दौरान यात्री तीर्थदर्शन के लिए उत्साहित भी दिखे। गुरुवार को चारधाम पंजीकरण कार्यालय एवं ट्रांजिट कैंप में सुबह से ही रजिस्ट्रेशन के लिए यात्री उमड़े। सात बजे से काउंटर पर यात्रियों का पंजीकरण शुरू किया गया, जोकि शाम सात बजे तक चला। इसीबीच करीब तीन हजार यात्रियों का पंजीकरण किया गया। मध्यप्रदेश, बिहार, यूपी, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र समेत विभिन्न प्रदेश के यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन कराने के बाद केदार बाबा के उद्घोष के साथ यात्रा शुरू की। अपर आयुक्त गढ़वाल नरेंद्र सिंह क्वीरियाल ने बताया कि पंजीकरण केंद्र में यात्रियों को सुगम रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिल रही है। किसी तरह का बैकलॉग भी अब नहीं बचा है, जिसके चलते केंद्र में पहुंचते ही आसानी से यात्रियों का रजिस्ट्रेशन हो जा रहा है।

# उद्यान घोटाले में सीबीआई ने दून, चंडीगढ़ व हिमाचल में मारे छापे

देहरादून। उत्तराखंड के बहुचर्चित करोड़ों के उद्यान घोटाले में सीबीआई की टीम ने उत्तराखंड सहित हिमाचल, चंडीगढ़ में छापे मारे हैं। सीबीआई ऑफिस वसंत विहार में कर्मचारियों से पूछताछ जारी है। उद्यान घोटाला मामले में सीबीआई ने तीन कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। आरोपी कर्मचारियों की गिरफ्तारी की भी पूरी संभावना है। गौरतलब है कि पिछले साल अक्तूबर से सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई को मामले की जांच सौंपी गई थी। हिमाचल से डेपुटेशन पर आये उद्यान विभाग के निदेशक रहे बवेजा भो सीबीआई रडार पर बताए जा रहे हैं। अल्मोड़ा निवासी दीपक करगेती, गोपाल उप्रेती व अन्य ने जनहित याचिका दाखिल कर उद्यान विभाग में घोटाले का आरोप लगाया था। याचिकाओं में कहा गया है कि उद्यान विभाग में करोड़ों का घोटाला किया गया है। फलदार पौध की खरीद में गड़बड़ियां की गई है। उत्तरकाशी से भाजपा विधायक ने भी



जिले की एक नर्सरी में हुई गड़बड़ी को लेकर तत्कालीन निदेशक बवेजा पर गम्भीर आरोप लगाते हुए वीडियो जारी किया था। उद्यान विभाग में फलदार पौधों की खरीद में गड़बड़ी में हुई थी। हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने सीबीसीआईडी से इस जांच से संबंधित दस्तावेज हासिल कर लिए थे। इसमें पीई (प्राथमिक जांच) दर्ज कर सीबीआई ने जांच शुरू कर दी थी।

**याचिकाओं के आधार पर हाईकोर्ट ने दिए थे जांच के आदेश**

विभाग ने एक ही दिन में वर्कऑर्डर जारी कर उसी दिन जम्मू कश्मीर से पौधे लाना दिखाया है। जिसका भुगतान भी कर दिया गया है। यही नहीं जिस कंपनी से पौधे खरीदवाना दिखाया उसे लाइसेंस ही उसी दिन मिला था। जिस दिन खरीद हुई। इन याचिकाओं के आधार पर हाईकोर्ट ने इसकी जांच के आदेश दिए थे। शासन के निर्देश पर सीबीसीआईडी को यह जांच सौंपी गई। लेकिन, याचिकाकर्ता इस जांच से संतुष्ट नहीं हुए। ऐसे में उन्होंने फिर से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अक्तूबर में हाईकोर्ट ने इस जांच को सीबीआई के हवाले करने के आदेश दिए थे। इस मामले में उद्यान विभाग के डायरेक्टर को सस्पेंड भी किया जा चुका है।

**करोड़ों के फर्जी बिल भी बने**

मुख्य उद्यान अधिकारी के साथ मिलकर निदेशक ने एक फर्जी आवंटन जम्मू कश्मीर की नर्सरी बरकत एग्रो फार्म को कर दिया। बरकत एग्रो को इनवाइस बिल आने से पहले ही भुगतान कर दिया गया। यही नहीं बिना लेखाकार के हस्ताक्षर के ही करोड़ों के बिल ठिकाने लगा दिए गए।

# नीट विवाद: 1,563 छात्रों के ग्रेस अंक हटाए जाएंगे

### फिर से दे सकते हैं परीक्षा

नईदिल्ली, राष्ट्रीय प्रवेश–सह पात्रता परीक्षा (नीट) से जुड़े विवाद में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि परीक्षा में ग्रेस अंक पाने वाले 1,563 छात्रों के ग्रेस अंक हटाए जाएंगे और ये छात्र दोबारा परीक्षा दे सकते हैं।पीठ ने कहा कि वह काउंसिलिंग पर रोक नहीं लगा सकते। पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) से 2 हफ्ते में जवाब भी मांगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, एनटीए ने कोर्ट में कहा कि लिखने के लिए कम समय पाने वाले सभी 1,563 उम्मीदवारों के ग्रेस अंक हटाए जाएंगे और उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा। जो छात्र फिर से परीक्षा नहीं देना चाहते, उनके ग्रेस अंक हटने के बाद वाले अंक मान्य होंगे। नीट की दोबारा परीक्षा 23



जून को होगी और परिणाम 30 जून तक आएगा। काउंसिलिंग 6 जुलाई से शुरू होगी। सुप्रीम कोर्ट में नीट में गड़बड़ी को लेकर कई याचिकाएं दायर की गई हैं, जिसमें डॉ पाण्डेय और शिवांगी सहित 10 छात्रों ने परीक्षा की सत्यनिष्ठा पर सवाल उठाया है।उन्होंने कोर्ट से काउंसिलिंग रोकने, परीक्षा रद्द करने और दोबारा आयोजित करने की मांग की है।

### दिल्ली में बंदूक दिखाकर 2 लोगों से 50 लाख रुपये की लूट

नईदिल्ली,दिल्ली के पूर्वी इलाके में स्थित अक्षरधाम मंदिर के पास 4 बदमाशों ने बुधवार को 2 लोगों को बंदूक दिखाकर 50 लाख रुपये लूट लिए गए।यह घटना दोपहर को मंदिर से कुछ दूर पांडव नगर इलाके में हुई। पीड़ित कर्मचारी मोहित शर्मा और अरुण त्यागी हैं। दोनों लोग गाजियाबाद के एक चार्टर्ड अकाउंटेंट फार्म के कर्मचारी थे।पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की तलाश की जा रही है।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मोहित और अरुण दोनों पश्चिमी दिल्ली में किसी से पैसे लेकर गाजियाबाद जा रहे थे।तभी अक्षरधाम पहुंचने पर 2 बाइक पर सवार 4 बदमाशों ने उनको बंदूक दिखाते हुए सडक़ किनारे रुकने को कहा। घटना के समय दोनों कर्मचारी राष्ट्रीय राजमार्ग–9 पर पहुंचने वाले थे।बंदूक देखते ही दोनों कर्मचारियों ने भागने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर उनको सडक़ के किनारे गिरा दिया।

# विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ाना है : धामी

**• चम्पावत में धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं**

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में जनपद चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने के लिए लिए बनाई जा रही कार्ययोजना और गतिमान कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को आदर्श राज्य बनाने के लिए जनपद चम्पावत को मॉडल जनपद के रूप में लिया जा रहा है। चम्पावत ऐसा जनपद है जिसमें राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से मैदान, तराई, भाबर और पर्वतीय क्षेत्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पावत जनपद में धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। चम्पावत जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटक की सुविधा के दृष्टिगत तीन से चार दिन की यात्रा के लिए सर्किट बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि शारदा कॉरिडोर और चम्पावत के आईएसबीटी को भी विस्तारित करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आदर्श



जनपद चम्पावत के लिए बनाई जा रही कार्य योजना पर तेजी से कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ाना है। अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि विकास कार्यों में पारिस्थितिकी और पर्यावरण में समन्वय बनाकर कार्य करें। प्रकृति द्वारा हमें प्रदान की गई विरासतों के संरक्षण के साथ विकास कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि अभी तक बनाई गई कार्ययोजना के अनुसार कार्यों को धरातल पर तेजी से उतारा जाए। चरणबद्ध तरीके से कार्यों में तेजी लाई जाए, यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यों के परिणाम जल्द धरातल पर दिखें। उन्होंने कहा कि आदर्श चम्पावत के लिए नोडल अधिकारी जनपद के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ नियमित बैठकें करें। उन्होंने कहा कि आदर्श चम्पावत के लिए और क्या बेहतर कार्य हो सकते हैं, इसके लिए स्थानीय स्तर पर लोगों के सुझाव भी लिये जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण संबधी कार्यों में पारिस्थितिकी से संबंधित पहलुओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

जिलाधिकारी चम्पावत नवनीत पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनपद में प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चम्पावत जनपद में सैलर एनर्जी के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं, इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पलायन बढ़ रहा है, इसको ध्यान में रखते हुए टाउन प्लानिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# सीएस राधा रतूड़ी ने सभी सूचनाओं को तत्काल वित्त विभाग को प्रेषित करने की डेडलाइन दी

देहरादून।राज्य के सभी विभागों को ऑनरशिप की कार्यशैली से कार्य करने की सख्त हिदायत देते हुए सीएस राधा रतूड़ी ने सभी विभागों को 16वें वित्त आयोग द्वारा मांगी गई सूचनाओं को तत्काल वित्त विभाग को प्रेषित करने करने की डेडलाइन दी है। इसके साथ ही मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरूवार को सचिवालय में 16वें वित्त आयोग का मैमोरेण्डम तैयार करने हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयोग से उत्तराखण्ड राज्य हेतु जलस्रोतों व धाराओं के पुनर्जीवीकरण की रिपोर्ट शामिल करने, आपदा प्रबन्धन राज्य होने के कारण रिकवरी की गाइडलाइन्स पर पुनर्विचार करने, पर्यटन प्रदेश होने के कारण राज्य में मूल आबादी के साथ ही फलोटिंग आबादी के कारण राज्य की बुनियादी सुविधाओं पर अत्यधिक दबाव होने के कारण वित्तीय संसाधनों व विभिन्न



योजनाओं पर प्रभाव, राज्य में वन क्षेत्र की अधिकता, प्रदेश में ऊर्जा की अवसंरचना सुविधाओं को मजबूत बनाने सम्बन्धित बिन्दुओं पर विचार करने का आग्रह किया ।

वित्त आयोग से ई वाई द्वारा उत्तराखण्ड के विशेष सन्दर्भ में जल स्रोतों व धाराओं के पुनर्जीवीकरण की रिपोर्ट को सम्मिलित करने पर विचार करने हेतु ई वाई द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

ई वाई द्वारा सम्बन्धित विभागों से मुख्यतः राजस्व खाते के आधिक्य एवं इसको संतुलित करने, राजकोषीय घाटे को कम करने, राज्य के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में शहरीकरण की सीमाओं, प्रति व्यक्ति आय, विभागों की अवशेष देनदारियों, पूंजीगत व्यय जैसे पर विस्तार से चर्चा की गई

विदित है कि 13 जून से 19 जून 2024 तक 16वें वित्त आयोग से ई वाई श्री डी के श्रीवास्तव द्वारा राज्य सरकार के विभागों के साथ 16वें वित्त आयोग का मेमोरेंडम तैयार करने तथा बजट के पूर्वानुमान हेतु विभिन्न बैठकें आयोजित की जाएगी।

बैठक में अपर मुख्य सचिव आन्नद वर्धन, सचिव शैलेश बगौली, दिलीप जावलकर सहित सभी विभागों के अधिकारी एव वित्त आयोग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### लोकसभा जीते पर राज्यसभा सीट खोने का खतरा, हरियाणा में फंसी कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता दीपेंदर हुड्डा हरियाणा की रोहतक लोकसभा सीट से चुनाव जीत गए हैं। अब उन्हें राज्यसभा से इस्तीफा देना होगा, जिस पर दोबारा चुनाव होगा। इस तरह कांग्रेस को लोकसभा की एक सीट मिल गई है, लेकिन राज्यसभा में एक सीट छिनने का भी खतरा है। इसकी वजह यह है कि हरियाणा विधानसभा के ज्यादातर सदस्य भाजपा के पक्ष में हैं। इसके अलावा क्रॉस वोटिंग भी हो सकती है। ऐसी स्थिति में हुड्डा की यह सीट भाजपा के खाते में जा सकती है। दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी के विधायक और कुछ निर्दलीय क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं। ऐसा हुआ तो फिर कांग्रेस के लिए जीत संभव नहीं होगी। दीपेंदर हुड्डा 2020 में राज्यसभा पहुंचे थे और उनका कार्यकाल 2026 तक के लिए था। मौजूदा स्थिति में भाजपा मजबूत दिखती है। उसके अपने विधायकों के अलावा जेजेपी का एक गुट, कुछ निर्दलीय और एक विधायक वाली पार्टियां उसके पक्ष में हैं।

# इटली में जी—7 शिखर सम्मेलन में हो सकती है पीएम मोदी और जो बाइडन की मुलाकात



नईदिल्ली,इटली में आयोजित जी–7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मुलाकात हो सकती है। यह जानकारी अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने दी।सुलिवन ने इटली जाते समय एयरफोर्स वन में पत्रकारों को बताया कि बाइडेन को उम्मीद है कि वे प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे, औपचारिक रूप से उनकी उपस्थिति की पुष्टि करना भारतीयों पर निर्भर है।बता दें, प्रधानमंत्री मोदी इटली के लिए आज रवाना होंगे। सुलिवन ने बताया कि शिखर सम्मेलन में बाइडन और मोदी की मुलाकात का अधिकांश हिस्सा अभी भी पूरी तरह अपुष्ट है, जिसकी जानकारी इटली में ही होगी।बता दें कि जो बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार भारत की सत्ता संभालने पर फोन पर बधाई दी थी। उस समय बाइडन पेरिस में थे।इटली में अगर मोदी और बाइडन की द्विपक्षीय मुलाकात होती है तो इजरायल और फिलिस्तीन समेत कई मुद्दों पर बातचीत हो सकती है। विदेश मंत्रालय के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था कि शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री मोदी अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर इटली जा रहे हैं।

# भाजपा या कांग्रेस, किसके साथ जाएंगे लद्दाख के निर्दलीय सांसद? खुद बताया

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में लद्दाख संसदीय सीट से जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय सांसद को लेकर सियासी गलियारों में कयासों का बाजार गर्म है। उनसे लगातार यह सवाल पूछा जा रहा है कि वह संसद में किसका साथ देंगे। आपको बता दें कि नेशनल कॉन्फ्रेंस से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। उन्होंने अपनी सीट से शानदार जीत दर्ज की है। लद्दाख के नवनिर्वाचित सांसद मोहम्मद हनीफा जान ने कहा कि उनकी प्रमुख मांग छठी अनुसूची और लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाना है। उन्होंने कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को उनके अधिकार दिलाने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ–साथ विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस के



नेताओं से भी संपर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि लद्दाख में इस बार का चुनाव अलग था। अब तक चुनाव धार्मिक या क्षेत्रीय आधार पर होते थे। इस बार लोगों ने केवल मुद्दों पर वोट दिया। आपको बता दें कि साल 2019 में अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त किये जाने के बाद लद्दाख को जम्मू–कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। लद्दाख में पिछले कुछ वर्षों में संविधान की छठी अनुसूची के तहत सुरक्षा उपायों और राज्य के दर्जे की मांग को लेकर कई विरोध प्रदर्शन हुए हैं। इन दो मांगों के अलावा एक अलग लोक सेवा आयोग और करगिल के साथ–साथ लेह को अलग–अलग लोकसभा सीट देने की मांग भी शामिल है। ह्यलेह एपेक्स बॉडीह्ल और ह्यकरगिल डेमोक्रेटिक अलायंसह्ल ने चुनाव से पहले गृह मंत्रालय को अपनी मांगों से अवगत कराया था। गृह मंत्रालय ने चुनाव से पहले उनकी प्रमुख मांगों को ठुकरा दिया था। गृह मंत्रालय के इनकार करने के कारण लेह में पर्यावरणविद सोनम वांगचुक के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ। चुनाव से ठीक पहले आंदोलन को स्थगित कर दिया गया था।

### मुंबई में महिला ने ऑनलाइन मंगाई आइसक्रीम, अंदर से निकली कटी उंगली

मुंबई,महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला डॉक्टर ने ऑनलाइन ऐप से आइसक्रीम मंगवाई, जिसमें कथित रूप से कटी उंगली निकली। रिपोर्ट के मुताबिक, मलाड इलाके में रहने वाली डॉक्टर ओरलेम ब्रेंडन सेराओ (27) ने जेप्टो ऐप से यम्मो आइसक्रीम मंगाई थी।आइसक्रीम में कटी उंगली निकलने पर उन्होंने मलाड थाने में आइसक्रीम कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कटे अंग को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है। रिपोर्ट के मुताबिक, सेराओ की बहन ऐप पर कुछ खाने का ऑर्डर दे रही थीं, तभी सेराओ ने येम्मो की बटरस्कॉच आइसक्रीम के 3 कोन भी ऑर्डर कर दिए।डिलीवरी के बाद सेराओ ने जब आइसक्रीम खाना शुरू किया तो उनको कुछ अटपटा लगा। उन्होंने कोन में देखा तो 2 सेंटीमीटर लंबी इंसान की उंगली लगी।डॉक्टर होने के नाते सेराओ को पक्का यकीन हुआ कि यह मानव अंग है। उन्होंने तुरंत पुलिस थाने में जाकर सूचना दी। मलाड पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया आइसक्रीम से निकली चीज को मानव अंग ही माना जा रहा है, बाकी पुष्टि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद होगी।पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 272, 273 और 336 के तहत मामला दर्ज किया है।

# अग्निपथ योजना में बड़े बदलाव की तैयारी, 60—70 प्रतिशत सैनिकों को मिल सकती है स्थायी नियुक्ति

नईदिल्ली,भारतीय सेना में भर्ती और सेवा के लिए लाई गई अग्निपथ योजना शुरू से ही विवादों में है। लोकसभा चुनाव में भी इसका मुद्दा खासा उठा था और विपक्षी पार्टियों ने इस योजना को बंद करने का वादा किया था।अब खबर है कि भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को लेकर एक आंतरिक सर्वे किया है। इसमें कई अहम बिंदू सामने आए हैं, जिनकी समीक्षा के बाद योजना में कुछ बड़े बदलाव किए जा सकते हैं। फिलहाल अग्निपथ योजना में 4 साल की सेवा के बाद केवल 25 प्रतिशत सैनिकों को ही स्थायी नियुक्ति दी जाती है। अब इस कोटे को बढ़ाने की चर्चाएं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सेना 60 से 70 प्रतिशत अग्निवीर को स्थायी नियुक्ति देने पर विचार कर रही है।विशेष और तकनीकी बलों के लिए ये सीमा 75 प्रतिशत तक हो सकती है। दूसरी सेवाओं



में भी कम से कम 50 प्रतिशत सैनिकों को स्थायी करने की तैयारी चल रही है। अग्निपथ योजना में सैनिकों को 4 साल के लिए भर्ती किया जाता है। इसके बाद केवल 25 प्रतिशत सैनिकों को स्थायी नियुक्ति मिलती है।अब सैनिकों की सेवा अवधि को 4 साल से बढ़ाकर 7–8 साल करने पर विचार किया जा रहा है। 4 साल की सेवा अवधि में सैनिकों की ट्रेनिंग मात्र 9 महीनों की होती है।सेवा अवधि बढ़ाने से सैनिकों को ग्रेच्युटी और पूर्व सैनिक जैसे लाभ मिल पाएंगे। अग्निपथ योजना से पहले सेना में सैनिकों के लिए प्रशिक्षण अवधि 37 से 42 सप्ताह के बीच थी। योजना में इसे घटाकर 24 हफ्ते कर दिया गया था। अब इसे फिर बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।सेना के सर्वे के निष्कर्षों के मुताबिक, प्रशिक्षण अवधि को घटाने से अग्निवीरों के समग्र प्रशिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।इसके अलावा तकनीकी क्षेत्रों में भी ग्रेजुएट कर्मियों को भर्ती किए जाने पर विचार हो रहा है। सेना तकनीकी क्षेत्रों में भर्ती की आयु सीमा बढ़ा सकती है। अभी 17 से 21.5 वर्ष की आयु के बीच अग्निवीरों को रखा जाता है। सेना सिग्नल, एयर डिफेंस और इंजीनियर जैसे तकनीकी क्षेत्रों में भर्ती के लिए उम्र सीमा बढ़ाकर 23 साल करने का प्रस्ताव कर रही है।

## संपादकीय

# विवादित प्रतिष्ठित नीट परीक्षा

विभिन्न क्षेत्रों की प्रतियोगी परीक्षाओं में अब मेडिकल की परीक्षाएं भी सवालों की घेरे में खड़ी हो चुकी है। लाखों छात्र मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए रात दिन मेहनत करते हैं लेकिन जब परीक्षाओं के परिणाम आते हैं तो वह खुद को ठगा हुआ दोराहे पर खड़ा महसूस करते हैं। अब नीट–यूजी में अंकों को बढ़ा–चढ़ाकर घोषित करने को लेकर पूरी परीक्षा प्रणाली कटघरे में खड़ी नजर आती है हालांकि राष्ट्रीय टेस्ट एजेंसी परीक्षा में अनियमितता के आरोपों से इंकार करती है लेकिन छात्रों का आरोप है कि कई छात्रों के अंकों को मनमाने ढंग से घटाया या बढ़ाया गया है, जिसके कारण कई छात्रों की रैंकिंग बिगड़ गई। इस वर्ष नीट की परीक्षा में 24 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं दी थी लेकिन परीक्षा परिणाम आने के बाद पूरे देश में भूचाल आ गया, छात्र हतप्रभ रह गए। देश की यह प्रतिष्ठित परीक्षा कई अनियमितताओं के आरोपों के कारण विवाद का केंद्र बन गई है। परीक्षा देने वाले युवा और उनके अभिभावकों के साथ ही कई सामाजिक संगठन सड़कों पर उतर आए हैं और परीक्षा परिणाम को छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बता रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस बार नीट की परीक्षा में 67 छात्र एक जैसे अंक लाए हैं जबकि इससे मात्र दो छात्रों ने संयुक्त रूप से पहली रैंक हासिल की थी। इस अजीबोगरीब परीक्षा परिणाम परिणामों में 1,500 से ज्यादा छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं, जबकि ग्रेस मार्क्स का प्रावधान ही नहीं है। यह भी अब जांच के दायरे में हैं। राष्ट्रीय टेस्ट एजेंसी ने अपनी सफाई में कहा है कि छह केंद्रों पर परीक्षा में देरी के कारण हुई समय की बर्बादी की भरपाई के लिए ग्रेस मार्क्स दिए गए। इन परीक्षाओं में एनटीए की पूरी कार्यप्रणाली ही खुद में कई सवाल पैदा करती है। एनटीए के कंधों पर एक जिम्मेदारी भरी परीक्षा कराने का दायित्व सौंपा गया है, जो अब संदेह के दायरे में है। आरोप तो अब यह भी लग रहे हैं कि पटना में पेपर लीक किया गया है जिसमें एफआईआर भी दर्ज की गई है लेकिन सरकार की ओर से भी कहा गया है कि पेपर लीक नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने भी काउंसलिंग पर किसी प्रकार से रोक नहीं लगाई है लेकिन वहीं दूसरी तरफ ग्रेस मार्क्स वाले 1563 छात्रों को री एग्जाम देने की सुविधा दी गई है, यानी कि इनके ग्रेस मार्क्स हटा दिए गए हैं। स्पष्ट है कि इस परीक्षा ने कई होनहार छात्रों के भविष्य को अधर में लटका दिया है और इनमें कहीं छात्र ऐसे भी हैं कि जो अपने अंतिम अवसर की ओर है। इतने विवाद उठने के बाद भी एनडीए परीक्षाओं को दोबारा करने के लिए तैयार नहीं है, जबकि लाखों परीक्षार्थी इस पूरी परीक्षा प्रणाली पर सवार उठा रहे हैं। यहां सरकार की भी यह जिम्मेदारी है कि वह केवल इतना कहकर अपनापल्ला ना झाड़े की पेपर लीक नहीं हुआ है, बल्कि उन लाखों छात्रों की बात भी सुने जो अपने भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

# वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका

**प्रियंका सौरभ**

वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका, खासकर जब आप वर्दी पहने हों। ह्यशर्मिंदगी और हैरानी इस बात की है कि ये काम सीआईएसएफ की सुरक्षाकर्मी ने किया है जो लोगों की सुरक्षा के लिए होते हैं।

क्या ये कंगना के खिलाफ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर प्लांड अटैक है। सांसद पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुआ हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर एक सुरक्षाकर्मी द्वारा, जिन पर सुरक्षा का जिम्मा होता है। अपनी शिकायत को रखने का और भी सभ्य तरीका होता है।

भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन में हम अक्सर इस तरह की घटनाओं के बारे में सुनते हैं। ह्यथप्पड़ह्व कहने से हिंसा की गंभीरता कम होती है और हिंसा के शिकार की कमजोरी ज्यादा उजागर होती है। थप्पड़ से किसी की जान नहीं जाती, उसकी निष्कवचता अधिक प्रकट होती है। उसमें किसी योजना की जगह एक प्रकार की स्वतःस्फूर्तता का तत्व होता है। कहा जा सकता है कि थप्पड़ मारने वाले की मंशा सिर्फ नाराजगी का इजहार होता है। राजनीति और सिस्टम (लोकतंत्र या तानाशाही) में विरोध जायज है और यही विरोध तरह तरह के स्वरूपों में हमारे सामने आता रहता है। थप्पड़ या स्याही हमला भारतीय राजनीति में कोई नया किस्सा नहीं है। पहले भी हमारे नेता इन हमलों का दंश झेलते रहे हैं। इतना ही नहीं कई नेताओं पर जूता उछाले जाने की घटनाएं भी हुई हैं। लोकतंत्र लोगों को विरोध प्रदर्शन की आजादी देता है और लोग विरोध के नए–नए तरीके खोज लाते हैं। कभी विरोध में अंडे, टमाटर फेंके जाते हैं, तो कभी जूते–चप्पल ह्यकंगना ने किसान आंदोलन के खिलाफ में कुछ बोला तो सीआईएसफ की कांस्टेबल ने आज कंगना पर हमला कर दिया। ये कहां तक उचित है? जो लोग इसे सही ठहरा रहे हैं वे ये समझ लें कि रक्षक को भक्षक नहीं बनना होता है। आपकी व्यक्तिगत सोच और विचारधारा आपकी ड्यूटी के बीच में नहीं आनी चाहिए। देशभर में दर्जनों नेता हैं जो सेना के खिलाफ बोलते आए हैं। कभी सिक्यूरिटी के दौरान किसी सैनिक की भावना उसकी ड्यूटी के बीच आ गई तो ऐसे नेताओं का वहीं हिसाब हो जाएगा। धारा 370, राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कई नेताओ और सेलिब्रिटीज़ के घटिया और भद्दे बयान सबके सामने हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ अगर हर सुरक्षाकर्मी सिक्युरिटी के दौरान अपनी भवनाएं दिखाने लगा तो बहुत बड़ी दिक्कत हो जाएगी। मुझे तो ये समझ नहीं आ रहा है कि लोग कैसे इस महिला के एक्ट को जस्टिफाई कर सकते हैं।

> **भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन में हम अक्सर इस तरह की घटनाओं के बारे में सुनते हैं। ह्यथप्पड़ह्व कहने से हिंसा की गंभीरता कम होती है और हिंसा के शिकार की कमजोरी ज्यादा उजागर होती है। थप्पड़ से किसी की जान नहीं जाती, उसकी निष्कवचता अधिक प्रकट होती है। उसमें किसी योजना की जगह एक प्रकार की स्वतःस्फूर्तता का तत्व होता है। कहा जा सकता है कि थप्पड़ मारने वाले की मंशा सिर्फ नाराजगी का इजहार होता है। राजनीति और सिस्टम (लोकतंत्र या तानाशाही) में विरोध जायज है और यही विरोध तरह तरह के स्वरूपों में हमारे सामने आता रहता है। थप्पड़ या स्याही हमला भारतीय राजनीति में कोई नया किस्सा नहीं है। पहले भी हमारे नेता इन हमलों का दंश झेलते रहे हैं।**

क्या लोग ये भूल गए कि ऐसे ही दो सुरक्षा कर्मचारियों की भावनाएं उनकी ड्यूटी के बीच आ गई थी जिसकी वजह से इंदिरा गांधी की हत्या हुई। हिंसा की भर्त्सना बिना शर्त जब तक न की जाएगी, जब तक उसके लिए कोई औचित्य तलाशा जाता रहेगा और जब तक वह विचारधारा के आधार पर सही या गलत मानी जाएगी, उसकी पुनरावृत्ति होती रहेगी। संचार माध्यमों द्वारा हिंसा को नयनाभिराम बनाकर अगर उपभोग्य बना दिया गया तो वह फिर बार–बार ह्यअदाह्व की जाएगी और अपनी भयावहता भी खो बैठेगी। वह लोकतंत्र का सबसे सबसे खतरनाक क्षण होगा। देश का हर नेता किसी न किसी के बारे में आए दिन जहर उगलता रहता है। अगर हर नेता की बात पर सुरक्षा बलों के जवान इसी तरह रिएक्ट करना शुरू कर दें तो देश की व्यवस्था का क्या होगा? क्या इसको बढ़ावा देना उचित है? क्या कल को और कोई नहीं ऐसे किसी नेता या पब्लिक फिगर पर हाथ उठेगा? क्या गारंटी है कि कल को यही घूम कर सभी के पास आएगा। थप्पड़ मारने को उचित नहीं कहा जा सकता, साथ ही ऐसे गुस्से को भी सुनना तो पड़ेगा, सुनना चाहिए।

राजनेताओं को समझना चाहिए कि पीड़ित जनता की भावनाओं के प्रति यदि वे न केवल संवेदनहीन बल्कि क्रूर व अमानवीय रवैया अपनाएंगे तो जनता अपनी हताशा किसी रूप में तो व्यक्त करेगी। किसी को थप्पड़ मारना अपराध है। इस तरह के मामलों में पुलिस आईपीसी के सेक्शन 323 के तहत केस दर्ज करती है। उन्होंने आगे कहा कि आईपीसी के सेक्शन 323 के तहत अगर कोई अपनी इच्छा से किसी को चोट या नुकसान पहुंचाता है, तो ऐसा करने पर उसे 1 साल की जेल हो सकती है। साथ ही 1 हजार रु पये का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है, लेकिन अगर ये बात सामने आती है कि किसी ने बदसलूकी की और फिर ये घटना हुई तो अदालत सजा को बदल भी सकती है या मामले को ही खारिज कर सकती है। देश का हर नेता किसी न किसी के बारे में आए दिन जहर उगलता रहता है। अगर हर नेता की बात पर सुरक्षा बलों के जवान इसी तरह रिएक्ट करना शुरू कर दें तो देश की व्यवस्था का क्या होगा? अपनी ड्यूटी निभाते हुए यह करना क्या उचित है? इस प्रकार का अतिवाद ही आतंकवाद के लिए जगह बनाता है। एक बार फिर से इस राज्य में जिस तरह अलगाववाद फन फैला रहा है वो कभी भी पंजाब को उसके खूनी दौर में वापस पहुंचा सकता है।

## बर्नआउट सिंड्रोम से पीड़ित भारतीय कर्मचारी

**–अली खान**

हमें यह जानकर बड़ी हैरानी होगी कि लगभग 59 फीसदी भारतीय कर्मचारी बर्नआउट सिंड्रोम यानी मानसिक, शारीरिक थकावट के लक्षणों से पीड़ित हैं। यह दुनिया के किसी भी अन्य मुल्क की तुलना में काफी ज्यादा तादाद है। बता दें कि यह दावा मैकिन्जी हेल्थ इंस्टीट्यूट के अध्ययन में किया गया है। इंस्टीट्यूट के अध्ययन के मुताबिक, अफ्रीकी देश कैमरून के कर्मचारियों में बर्नआउट सिंड्रोम सबसे कम नौ फीसदी मिला। सर्वेक्षण में करीब 30 मुल्कों के 30 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को शामिल किया गया। उल्लेखनीय है कि दुनियाभर में 22 फीसदी कर्मचारी बर्नआउट से पीड़ित हैं। सउदी अरब में 36 फीसदी कर्मचारियों में बर्नआउट के लक्षण मिले हैं। जिन कर्मचारियों के पास सकारात्मक कार्य का अनुभव था, उनके पूरा स्वास्थ्य बेहतर था। यह कहा जा सकता है कि कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण और बेहतर समन्वय बर्नआउट सिंड्रोम के प्रभाव को कम कर सकता है। अगर समय रहते इस ओर प्रयास नहीं किए गए तो कार्य क्षमता के गंभीर रूप से प्रभावित होने के साथ ही साथ स्वास्थ्य संकट से भी दो–चार होना पड़ेगा। मौजूदा वक्त में बढ़ती जिम्मेदारियों और बदलती परिस्थितियों की वजह से कई बार लोग बर्नआउट सिंड्रोम के शिकार हो जाते हैं, लेकिन उन्हें इसका एहसास भी नहीं होता। बर्नआउट पर ध्यान न देने से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लिहाजा, बर्नआउट सिंड्रोम के प्रभाव से भारतीय कर्मचारियों को बाहर निकालने के लिए व्यक्तिगत और संस्थागत प्रयास किए जाने निहायत तौर पर जरूरी हो जाते हैं। इस बीच आम आदमी के मन–मस्तिष्क में इस सवाल का कौंधना स्वाभाविक है कि आखिर बर्नआउट सिंड्रोम क्या है? और इसके लक्षणों को हम किस प्रकार पहचान सकते हैं? दरअसल बर्नआउट सिंड्रोम क्रॉनिक वर्कप्लेस स्ट्रेस की वजह से हो सकता है। काम का प्रेशर झेलना, साथियों से अनबन, चुनौतियों के बीच खुद को कमजोर पाना, इस सिंड्रोम की वजह बनती है। बर्नआउट से शरीर और दिमाग दोनों पर असर होता है, जिसे हम महज थकान समझ रहे हैं, वह बर्नआउट हो सकता है। जिसका असर दिल और दिमाग दोनों पर होता है। जब हम मानसिक रूप से परेशान रहते हैं, तो इसका असर ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर पर भी पड़ता है। क्योंकि स्ट्रेस के दौरान शरीर में कुछ ऐसे हार्मोन्स निकलते हैं, जिससे दिल की धड़कन और ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। इन चीजों से आगे जाकर हार्ट प्रॉब्लम, स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। लेकिन इन सबसे पहले बर्नआउट के लक्षणों की समझ का होना आवश्यक है। जिससे हम खुद को बर्नआउट जैसी समस्या से बचा सकें। सबसे पहले हमें यह समझने की आवश्यकता है कि बर्नआउट सिंड्रोम अवसाद के समान नहीं है। लेकिन बर्नआउट सिंड्रोम से पीड़ित लोग अवसाद के समान लक्षणों का अनुभव करते हैं। दरअसल, जो लोग बर्नआउट सिंड्रोम से पीड़ित हैं, उनमें अवसाद विकसित होने का जोखिम उन लोगों की तुलना में अधिक है जो बर्नआउट सिंड्रोम से पीड़ित नहीं हैं। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि बर्नआउट सिंड्रोम के सभी मामले अवसाद का कारण बनेंगे। यदि हम बर्न आउट सिंड्रोम के लक्षणों की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, बर्नआउट सिंड्रोम क्रॉनिक वर्कप्लेस स्ट्रेस की वजह से हो सकता है यानी काम को लेकर बढ़ा हुआ तनाव इस सिंड्रोम का शुरुआती लक्षण है। इसके अलावा एंग्जाइटी और पैनिक अटैक की समस्या, मानसिक और शारीरिक थकान रहना, ज्यादातर स्ट्रेस में रहना, काम में रुचि कम होना, उदास रहना, अपनी नौकरी को पसंद नहीं करना, आत्मविश्वास और आत्मसम्मान की कमी, मूड स्विंग्स की समस्या, नींद मुश्किल से आना, दिल का तेजी से धड़कना और सांस जल्दी–जल्दी लेना एवं आंत और पाचन से जुड़ी दिक्कत होना बर्नआउट के लक्षणों में शामिल हैं। अब सवाल कि इन लक्षणों को पहचानने के बावजूद इससे बाहर कैसे निकला जाए? दरअसल, बर्नआउट से बचने के लिए बार–बार या लंबे समय से चले आ रहे तनाव को सुलझाने की आवश्यकता है।

# आसान नहीं होगा तीसरा कार्यकाल

**जीत द्विवेदी**

नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरा कार्यकाल शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री स्वंय और भाजपा के अन्य नेता खूब आत्मविश्वास दिखा रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि सरकार के संचालन में कोई समस्या नहीं होगी। परंतु हकीकत उनको भी पता है। इस बार मोदी के लिए कामकाज पहले दो कार्यकाल की तरह आसान नहीं होगा। यह कहने का कतई यह आशय नहीं है कि उनके प्रधानमंत्री बने रहने में कोई समस्या आएगी। अगले पांच साल में उनकी सत्ता को कोई समस्या नहीं होगी।

भाजपा की तरफ से या सहयोगी पार्टियों की ओर से सत्ता के लिए खतरा नहीं पैदा किया जाएगा। परंतु सरकार निरंतर दबाव में रहेगी, जिसकी आदत नरेंद्र मोदी को नहीं रही है। इस साल अक्टूबर में वे सत्ता के 23 साल पूरे करेंगे। वे अक्टूबर 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। शुरुआती कुछ चुनौतियों को छोड़ दें तो 2002 से दूसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद से लेकर अभी तक उनका राज एकछत्र रहा है। कभी गठबंधन की परवाह करने की उनको जरुरत नहीं रही और न उनके ऊपर कोई आलाकमान रहा। गुजरात में भी वे सत्ता राज्य के प्रधानमंत्री की तरह ही संभालते रहे।यह पहली बार है, जब वे अपने ऊपर दबाव महसूस करेंगे। अभी तो सारी चीजें अच्छी दिख रही हैं और पार्टी का भी समर्थन दिख रहा है। आरएसएस की ओर से भी कुछ नहीं कहा जा रहा है और सहयोगी पार्टियां भी बिना शर्त समर्थन दे रही हैं। लेकिन एक बार हनीमून पीरियड खत्म हुआ और कामकाज रूटीन में लौटा तो रोजमर्रा के कामकाज को लेकर भी दबाव और चुनौतियां सामने आने लगेंगी। सबसे पहली चुनौती सहयोगी पार्टियों के मंत्रियों के निजी स्टाफ की नियुक्ति, उनके विभागीय सचिवों की नियुक्ति और उनके स्वायत्त होकर काम करने की मांग को लेकर होगी। अगर एक बार ऐसी स्वायत्तता सहयोगी पार्टियों के मंत्रियों को मिली तो खरबूजे को देख कर खरबूजा रंग बदलता के अंदाज में भाजपा के अपने मंत्री भी पूरी नहीं तो आंशिक स्वायत्तता की मांग कर सकते हैं और नहीं मिलने पर विरोध जता सकते हैं।

ध्यान रहे अभी तक मंत्रियों को निजी स्टाफ और उनके मंत्रालयों के विभागीय सचिवों की नियुक्ति केंद्रीकृत तरीके से होती रही है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली नियुक्ति समिति सारी नियुक्तियां करती हैं। इस समिति में प्रधानमंत्री के अलावा राजनाथ सिंह और अमित शाह सदस्य थे। एकाध मंत्रियों को छोड़ दें तो शायद ही कोई मंत्री पसंदीदा सचिव या स्टाफ की मांग कर सकता था। लेकिन सहयोगी पार्टियों के मंत्रियों के साथ यह रूटीन काम नहीं करने वाला है।

सहयोगी पार्टियों के कई ऐसे नेता मंत्री बने हैं, जो मंत्रालयों के कामकाज से पहले से वाकिफ हैं और नौकरशाही की समझ भी रखते हैं। वे अपने राज्य के भरोसेमंद अधिकारियों को रखने की जिद कर सकते हैं। ऐसा होने पर सरकार के कामकाज पर कैबिनेट सचिवालय और प्रधानमंत्री सचिवालय की जो आइरन ग्रिप है वह कमजोर पड़ेगी। इससे सब कुछ एक जगह से संचालित होने और एक ही नेता को हर काम का श्रेय मिलने की अब तक चली आ रही परंपरा भी खत्म हो जाएगी।दूसरी चुनौती यह है कि सहयोगी पार्टियों के नेता खास कर दो बड़ी सहयोगी पार्टियों, जनता दल यू और तेलुगू देशम पार्टी की ओर से क्षेत्रीय आकांक्षा को ज्यादा महत्व दिया जाएगा। उनका रूझान अपने राज्य की ओर ज्यादा होगा। वे अपने राज्य के लिए ज्यादा से ज्यादा फंड लेने और विकास के काम करने का प्रयास करेंगे। इससे भी संतुलन प्रभावित होगा। ध्यान रहे तेलुगू देशम पार्टी ने आंध्र प्रदेश के लिए और जनता दल यू ने बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग भी की है। अगर विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलता है तो ये दोनों पार्टियां विशेष पैकेज की मांग करेंगी। यानी मंत्रालय के स्तर पर एक पूर्वाग्रह होगा और समर्थन हासिल करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पैकेज देने की जरुरत भी होगी। इससे क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं या हितों के बीच टकराव पैदा होगा। प्रधानमंत्री के नाते मोदी की प्राथमिकताएं राष्ट्रीय होंगी और उनको भाजपा शासित राज्यों का भी ध्यान रखना होगा।

तीसरी चुनौती कुछ विवादित मुद्दों या नीतियों को लेकर है। सेना में भर्ती की अग्निवीर योजना भी इसमें शामिल है। इसमें बदलाव की बात शुरू हो चुकी है। जनता दल यू की ओर से कहा गया कि इस पर विचार की जरुरत है तो बिहार की पांच सांसदों वाली लोक जनशक्ति पार्टी की ओर से भी इसका समर्थन किया गया है। अगर जदयू, लोजपा और टीडीपी तीनों पार्टियां इस मुद्दे पर एक साथ आती हैं तो सरकार को इस पर विचार करना होगा। भले इसे पूरी तरह से समाप्त नहीं किया जाए लेकिन इसकी सेवा शर्तों को बेहतर बनाने की बात हो सकती है। ध्यान रहे विपक्षी पार्टियों को कई मुद्दों पर सरकार की फॉल्टलाइन का पता है।

विपक्ष को अंदाजा है किन मुद्दों पर भाजपा की सहयोगी पार्टियों को सरकार के खिलाफ खड़ा किया जा सकता है। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके ने नीट को इसमें शामिल किया है। एमके स्टालिन की पार्टी ने जेडीयू और टीडीपी दोनों से मांग की है कि वे मेडिकल में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षा नीट को समाप्त करने के लिए सरकार पर दबाव बनाए। ध्यान रहे अभी नीट की परीक्षा में हुई बड़ी गड़बड़ी सामने आई है, जिसके बाद से इस पर सवाल उठ रहे हैं। टीडीपी को इस मसले पर डीएमके का साथ देने में समस्या नहीं होगी। ऐसे ही मुसलमानों के आरक्षण का मामला है। टीडीपी अपने राज्य में मुसलमानों को आरक्षण बनाए रखने के पक्ष में है और नीतीश भी इसके समर्थन में हैं।

चौथी चुनौती मजबूत विपक्ष की है। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार इतना मजबूत विपक्ष लोकसभा में बैठेगा। पिछली बार भाजपा के 303 सांसद थे और एनडीए के सांसदों की कुल संख्या साढ़े तीन सौ के करीब थी लेकिन ऐसा नहीं था कि बाकी दो सौ सांसद विपक्ष में थे। उसमें बीजू जनता दल के 12 और जगन मोहन के 22 सांसद तटस्थ रुख रखते थे और मुद्दों के आधार पर सरकार को समर्थन देते थे।

# फिल्म कुड़ी हरियाणे वल दी का ट्रेलर जारी, पंजाबी और हरियाणवी भाषा में होगी रिलीज

एमी विर्क पिछले कुछ दिनों से अपनी आगामी फिल्म कुड़ी हरियाणे वल दी को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें उनकी जोड़ी एक बार फिर सोनम बाजवा के साथ बनी है।यह फिल्म दो–दो नामों के साथ रिलीज होने जा रही है। पंजाबी में फिल्म का नाम कुड़ी हरियाणे वल दी है। फिल्म का हरियाणवी शीर्षक छोरी हरियाणे आली है।अब निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो कॉमेडी से भरपूर है।फिल्म में सोनम पहली बार एक जाटनी का किरदार निभा रही हैं और पूरी फिल्म में हरियाणवी बोल रही हैं, जबकि एमी पंजाबी बोलने वाले एक देसी जट्ट का किरदार निभा रहे हैं।ऐसा पहली बार हो रहा है कि कोई पंजाबी फिल्म दो–दो नामों के साथ रिलीज होने जा रही है।फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठ



चुका है। यह फिल्म 14 जून, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

यह जट्ट और जाटनी फिल्म अपनी तरह की पहली फिल्म है जो पंजाबी सिनेमा की सीमाओं को पार करते हुए न केवल पंजाब में बल्कि हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, यूपी और एमपी में रहने वाले पूरे जाट दर्शकों को आकर्षित कर रही है जो पंजाबी सिनेमा के लिए अपनी तरह की पहली फिल्म है।

फिल्म में सोनम बाजवा एक हरियाणवी जाटनी का किरदार निभा रही हैं, जो पंजाबी सिनेमा की किसी भी प्रमुख महिला ने पहले नहीं किया है और उत्तर भारत में उनकी बड़ी अपील उन्हें हर जगह से जोड़ देगी। एमी विर्क समर बोनान्ज़ा में प्यारे देसी जट्ट हैं, और इस फिल्म में अजय हुड्डा, योगराज सिंह, यशपाल शर्मा, हरदीप गिल, हनी मट्टू, दीदार गिल जैसे पंजाब और हरियाणवी अभिनेताओं की शानदार कास्ट शामिल है।

यह फिल्म राकेश धवन द्वारा लिखी और निर्देशित की गई है, जो मेगा ब्लॉकबस्टर पंजाबी फिल्मों हौंसला रख, चल मेरा पुत्त सीरीज के लेखक और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित सुपरहिट फजा मैक्सिको चलो के निर्देशक हैं।

## वेस्टइंडीज में गरजेगा विराट कोहली का बल्ला

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम सुपर 8 में पहुंच चुकी है। टीम ने ग्रुप स्टेज में जीत की हैट्रिक लगाकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की। सुपर 8 के मुकाबले वेस्टइंडीज में खेले जाने हैं। अमेरिका में फ्लॉप रहने वाले विराट कोहली का वेस्टइंडीज में टी20 इंटरनेशनल में प्रदर्शन शनदार रहा है। ऐसे में सुपर 8 में विराट कोहली फिर से पुराने रंग में नजर आने वाले हैं। इतना ही नहीं वेस्टइंडीज में विराट कोहली अमेरिका के फ्लॉप शो की भरपाई भी कर सकते हैं।

**वेस्टइंडीज में विराट का प्रदर्शन**

विराट कोहली ने वेस्टइंडीज में अब तक 3 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। इस दौरान 3 पारियों में उन्होंने 37.33 की औसत और 141.77 की स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाए हैं। इस दौरान विराट ने एक अर्धशतक भी लगाया है।

## ब्रायन लारा ने खुलेआम कर दी पाकिस्तान की बेइज्जती, अमेरिका से भी गई गुजरी टीम बताया

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन अब तक काफी शर्मनाक रहा है। ग्रुप में शामिल इस टीम ने अब तक 3 मैच खेले हैं और उन्हें 2 में हार का मुंह देखना पड़ा है। बाबर आजम की टीम को भारत के अलावा कमजोर मानी जा रही अमेरिका टीम ने भी हरा दिया। ऐसे में अब मैन इन ग्रीन की सुपर 8 में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है। पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के देखते हुए वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा ने पाकिस्तान की खुलेआम बेइज्जती कर दी है। उन्हें बाबर आजम एंड कंपनी को अमेरिका से भी कमतर आंका है।

अमेरिका का सुपर 8 में जाना चाहिए

सुपर 8 में कौन सी टीमें जगह बनाएंगी इस बारे में बात करते हुए लारा ने पाकिस्तान के बजाए अमेरिका को चुना। स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत में उन्होंने



कहा, "निश्चित रूप से मैथमेटिकली पाकिस्तान के पास सुपर 8 में पहुंचने का मौका है।

मुझे लगता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका को अपने आखिरी गेम में जीत का ध्यान रखना है। वे ऐसा करते हैं और वे क्वालीफाई कर जाते हैं, लेकिन हम उम्मीद कर रहे हैं कि वे जीतेंगे और संयुक्त राज्य अमेरिका अपना खेल हार जाएगा। इसलिए मैं अमेरिका के पक्ष में हूं। मुझे लगता है कि वे आत्मविश्वास से भरे हुए हैं और वे सुपर 8 में जगह बनाना चाहेंगे जो अमेरिकी क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक होगा।"

## रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 का टीजर जारी, 21 जून से जियो सिनेमा पर होगा प्रीमियर

रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के तीसरे सीजन का दर्शक पिछले कुछ समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा।बिग बॉस ओटीटी 3 की मेजबानी सलमान नहीं, बल्कि अनिल कपूर करने वाले हैं। पहले दोनों सीजन को सलमान ने होस्ट किया था।अब निर्माताओं ने बिग बॉस ओटीटी 3 का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें अनिल की झलक साफ दिख रही है।टीजर में उनकी दमदार आवाज सुनने को मिल रही है।

बिग बॉस ओटीटी 3 का प्रीमियर 21 जून से जियो सिनेमा पर रात 9 बजे से होने जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने टीजर साझा करते हुए लिखा, मौसम बदलेगा, तापमान बदलेगा। अनिल कपूर के आने से अब सब बदलेगा। हमारे होस्ट अनिल कपूर के साथ बिग बॉस ओटीटी 3के इस ख़ास सीजन के लिए तैयार हो जाइए।पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर बिग बॉस ओटीटी 3 में नजर आने वाली हस्तियों को लेकर अटकलें चल रही हैं।

वहीं इस शो को लेकर अनिल कपूर ने भी अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए कहा कि, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं. हम दोनों दिल से जवान हैं, लोग अक्सर कहते हैं मजाक में कि मैं रिवर्स एजिंग हूं, लेकिन बिग बॉस में ये खूबी है. ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और मजेदार ट्राई करना. मैं बिग बॉस में उसी एनर्जी को 10 गुना ज्यादा लाने जा रहा हूं. मैं इसमें अपना स्वाद लाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता.

इस शो में जाने वाले कई कंटेस्टेंट के नाम सामने आ रहे हैं. जिनमें रियाज़ अली, शिवांगी जोशी, शफक नाज़, दलजीत कौर, वायरल वडापाव गर्ल चंद्रिका, यूट्यूबर ज़ैन सैफी, विक्की जैन और अदनान शेख शामिल हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की कमाई में गिरावट जारी

जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई कर रही है।रूही के बाद यह जाह्नवी–राजकुमार के बीच दूसरा सहयोग है और दोनों की शानदार केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अब दूसरे सप्ताह में मिस्टर एंड मिसेज माही की दैनिक कमाई लाखों में सिमट गई है।आइए जानते हैं मिस्टर एंड मिसेज ने 11वें दिन कितने लाख रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मिस्टर एंड मिसेज माही ने रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे 90 लाख रुपये का कारोबार किया,

## चार वर्ल्ड चैंपियन टीमें कैसे अब भी सुपर–8 के लिए कर सकती है क्वालीफाई

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में हो रहा है। इस टूर्नामेंट में लीग स्टेज के दौरान कई रोमांचक मैच देखने को मिले है। ग्रुप राउंड में कई उलटफेर देखे गए, जिससे सुपर–8 में पहुंचने की जंग और भी दिलचस्प हो गई। हर ग्रुप में कुछ ऐसी टीमें हैं, जो दूसरी टीमों पर निर्भर है।पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और डिफेंडिंग चैंपियंस इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों को सुपर–8 में अपनी जगह पक्की करने के लिए काफी प्रयास करना पड़ रहा है। ऐसे में जानते हैं कैसे टीमें सुपर–8 के लिए क्वालीफाई कर सकती है।



**क्रिकेट टीम कैसे अब भी सुपर–8 के लिए कर सकती है क्वालीफाई?**

भारतीय टीम ने अमेरिका को 10 गेंद शेष रहते हुए 7 विकेट से हराकर टी20 विश्व कप सुपर 8 के लिए क्वालीफाई किया। पाकिस्तान की टीम का नेट रन रेट अमेरिका से बेहतर है और अगर पाकिस्तान की टीम को अगले दौर में पहुंचना है तो उसे आयरलैंड को सुपर ओवर में हराना होगा और अगर आयरलैंड की टीम यूएसए को हरा देती है तब भी पाकिस्तान की टीम सुपर–8 के लिए क्वालीफाई कर लेगी। वहीं, अमेरिका की टीम को अगर सुपर–8 में पहुंचना है तो उसे आयरलैंड के खिलाफ मैच में कम से कम एक अंक हासिल करना होगा। पाकिस्तान की टीम के लिए मौजूदा समय में सबसे बड़ा खतरा फ्लोरिडा का मौसम बना हुआ है। लॉडरहिल का मौसम पाकिस्तान का खेल बिगाड़ सकता है। अगर इन दोनों में से कोई भी मैच बारिश की वजह से मैच धुलता है तो यूएसए की टीम क्वालीफाई कर लेगी।

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर बड़ोला को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : दुगड्डा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दीपक मोहन बडोला की तृतीय पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि उनका 15 वर्ष का कार्यकाल दुगड्डा क्षेत्र के लिए सराहनीय रहा। उन्होंने दुगड्डा शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए काम किया। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदीप बडोला, राम प्रसाद बडोला, धर्मेंद्र गोयल, वीरेंद्र शाह, सौरभ गुप्ता, विजय पसबोला, जयदीप बडोला आदि शामिल रहे।

### सीएम ने दी छात्रवृत्ति योजना व कार पार्किंग निर्माण हेतु 10 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भूतपूर्व सैनिकों आश्रितों को शैक्षिक सहायता (छात्रवृत्ति) योजना हेतु 11 लाख 06 हजार की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही चम्पावत जिले के रीठा साहिब में कार पार्किंग निर्माण कार्य के लिए 9 करोड़ 89 लाख की धनराशि की भी स्वीकृत प्रदान की है।मुख्यमंत्री ने भूतपूर्व सैनिकों आश्रितों को शैक्षिक सहायता (छात्रवृत्ति) योजना के तहत छात्रवृत्ति राशि की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड राज्य के भूतपूर्व सैनिकों आश्रितों को इंजीनियरिंग, मेडिकल व पी.एच.डी. की शिक्षा ग्रहण करने हेतु शैक्षणिक सहायता (छात्रवृत्ति) योजना के तहत 91 विद्यार्थियों को 11 लाख 06 हजार की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत छात्रवृत्ति के तहत इंजीनियरिंग के 83 छात्रों को 9,96,000, मेडिकल के 06 छात्रों को 90,000, पी.एच.डी. के 02 छात्रों को 20,000 की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जनपद चम्पावत के रीठा साहिब में कार पार्किंग निर्माण कार्य के लिए 9 करोड़ 89 लाख की धनराशि की भी स्वीकृत प्रदान की है।

### पेयजल समस्या का निराकरण करने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्रांतर्गत डांग में पेयजल की समस्या को दूर किये जाने की मांग को लेकर स्थानीय लोग गुरुवार को जल संस्थान कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने डांग क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारु किये जाने को लेकर टैंक बनाये जाने की मांग की। इस मौके पर भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य पंकज सती के नेतृत्व में लोगों ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान पंकज सती, अरुण बहुगुणा, राजेश बहुगुणा, आशीष राणा, योगेश असवाल, दान सिंह कंडारी ने कहा कि 1990 की दशक में बने टैंक से ही पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। कहा कि क्षेत्र में आबादी बढने और पेयजल कनेक्शनों की संख्या बढ़ने से पेयजल आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है। कहा कि पहले के मुकाबले पानी की खपत अधिक हो रही है। जिसके कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है और आये दिन पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। (एजेंसी)

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने पर पुलिस एक्ट में 4 पर कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों की अब खैर नहीं है। पौड़ी पुलिस सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले चार युवकों के खिलाफ पुलिस ऐक्ट में कार्यवाही की है। कोतवाली के एसएसआई संतोष पैंथवाल ने बताया कि मनोरजन पार्कों और स्थानीय लोगों के घूमने टहलने वाली सड़को पर अवैध रूप से मादक पदार्थों, शराब पीने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। बताया कि बुधवार देर शाम को टेका रोड और कंडोलिया क्षेत्र में सघन चेंकिग अभियान चलाया गया। इस दौरान चार युवकों के खिलाफ सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर कार्यवाही की गई है।

### भक्तों ने लिया माँ राजराजेश्वरी देवी का आशीर्वाद

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : पाबौ ब्लाक के न्याय पंचायत निसणी के रतकोटी गांव में मां राजराजेश्वरी देवी मंदिर में तीन दिवसीय पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोचारण के साथ शुरू हो गई। गुरुवार को आराध्य मां ने मंदिर से बाहर आकर भक्तों को आशीर्वाद दिया। भक्तों ने मां राज राजेश्वरी को झूले में भी झूलाया।

इस दौरान पुजारियों ने आराध्य देवी की विशेष पूजा-अर्चना कर श्रृंगार किया। इसके बाद देवी को भोग लगाया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देवी की भोगमूर्ति को सभा मंडप में विराजमान किया गया। जहां पर अपने पश्वा पर अवतरित होकर मां राज राजेश्वरी ने नृत्य करते हुए अपने भक्तों को आशीर्वाद दिया।

# खड्ड में गिरी पर्यटकों की कार, चालक सहित पांच घायल

### रिखणीखाल के अंतर्गत ग्राम गाडियूंपुल के समीप हुआ हादसा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : रिखणीखाल के अंतर्गत ग्राम गाडियूंपुल के समीप दिल्ली से घूमने पहुंचे सैलानियों की कार अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई। दुर्घटना में चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों का रिखणीखाल में प्राथमिक उपचार करवाया गया। जानकारी के अनुसार प्रिया एनक्लेव, दिल्ली निवासी विकास जेटली अपनी पत्नी सुरभी, पुत्र दक्ष व पुत्री खुशी के साथ प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत बनबसा रिसॉर्ट में जा रहे थे। कार में विकास के दोस्त का पुत्र रामप्रस्था ग्रीन, वैशाली, गाजियाबाद निवासी अर्नव गुप्ता भी सवार था। रिखणीखाल थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि गाडियूंपुल से करीब एक किलोमीटर आगे कार अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। बताया


ग्राम गाडियूंपुल के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुई कार

कि दुर्घटना में कार सवार पांचों व्यक्तियों को चोट आई। 108 आकस्मिक चिकित्सा वाहन से घायलों को रिखणीखाल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती किया गया। साथ ही घायलों से मिले फोन नंबरों के आधार पर स्वजनों को भी घटना की सूचना दी गई। बताया कि देर रात स्वजन घायलों को अपने साथ उपचार के लिए ले गए।

# बैजरो में पेयजल संकट, पानी को भटक रहे ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : बीरोंखाल प्रखंड के अंतर्गत बैजरों में पिछले चार दिन से पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीण पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हो गए हैं। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंच रहे। सरकारी सिस्टम की लापरवाही से ग्रामीणों में रोष बना हुआ है।

गत माह बीरोंखाल क्षेत्र में बादल फटने से काफी तबाही हुई थी। जिससे क्षेत्र में पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। करीब एक सप्ताह बाद लाइन मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति की गई। लेकिन, वर्तमान में यह लाइन दोबारा क्षतिग्रस्त हो चुकी है। नतीजा ग्रामीणों को भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। जिससे उनका पूरा दिन केवल पानी की तलाश में बीत रहा है। सबसे अधिक परेशानी गांव में अकेले रहेने


पानी के इंतजार में सूखे नल

वाले बुजुर्गों को हो रही है। ग्रामीणों ने जल संस्थान की कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त करते हुए जल्द समस्या के निराकरण की मांग उठाई। कहा कि इस संबंध में वह कई बार जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा। जल संस्थान के अवर अभियंता सौरभ पांडे ने कहा कि क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति ठप होने की शिकायत मिली है। लाइन की मरम्मत का कार्य चल रहा है।

# भक्तों ने जगदीशिला डोली का जखोली में किया भव्य स्वागत

रुद्रप्रयाग : भक्तों ने जखोली के मन्दिर में डोली का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर डोली रथयात्रा के संयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री, मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि इस वर्ष डोली रथयात्रा का रजत जयंती वर्ष है। बिशोन पर्वत से शुरु हुई यह डोली यात्रा पूरे उत्तराखंड के 13 जनपदों के हजारों देवालयों का भ्रमण कर हजार धाम चिहिन्त कर देश और प्रदेश में सुख, शान्ति और समृद्धि की कामना करती है। जखोली पहुंचने पर नागदेव मन्दिर के रावल, नागेन्द्र इंका बजीरा के पूर्व प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत, रुद्रप्रयाग विधायक प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह भंडारी, नागेन्द्र देवता पट्टी लस्या के अध्यक्ष विजेंद्र मेवाड़, आचार्य विनोद थपलियाल, सुरेंद्र सकलानी, डॉ. गोपाल



काला, सुनील सिंह नेगी, राकेश काला, बलवीर चौहान, महावीर नेगी, जसपाल चौहान, बीरेंद्र सिंह राणा सहित भक्तों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर जखोली में प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत ने डोली रथयात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि डोली रथयात्रा की पूर्व शिक्षामंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी के नेतृत्व में विगत 25 वर्षों से संचालित हो रही है। यह अपने आप में दैवीय शक्ति का रूप है।

### त्रिदिवसीय चाई महोत्सव आज से

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : पलायन से जूझते पहाड़ में गांव और ग्राम्य संस्कृति को बचाने की मुहिम पर केंद्रीय त्रिदिवसीय चाई महोत्सव शुक्रवार से शुरू होगा। ग्रामोत्सव विशाल भंडारे के साथ 16 जून को संपन्न होगा।

जयहरीखाल विकास खंड के ग्राम चाई में वर्ष-2010 से चाई ग्रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति संरक्षण और रिवर्स पलायन की व्यापक मुहिम को लेकर आयोजित किए जा रहे इस ग्रामोत्सव के 15वें आयोजन को लेकर गांव में खास तैयारियां की गई है। गांव के सभी घरों की साफ-सफाई एवं पुताई कर उन्हें विशेष तरीके से सजाया गया है। गांव व घरों में तोरण द्वार लगाए गए हैं। आयोजन समिति के सदस्य डा. पद्मेश बुडाकोटी ने बताया कि 14 जून को पहले दिन होने वाले कार्यक्रम में समाजिक कार्यकर्ता डा. डीपी बालोधी व गिरीश नौडियाल मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान गांव में देवपूजन कर कलाश यात्रा भी निकाली जाएगी।

# ग्रामीणों को बांटे प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स


ग्रामीणों को चिकित्सा बॉक्स वितरित करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वर : आदि शक्ति भुवनेश्वरी विकास मिशन की ओर से इरकॉन और फ्यूचर आइकॉन्स नई दिल्ली के सहयोग से ग्रामीणों को प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स वितरित किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई।

थलीसैण ब्लाक के मैज्यूर गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें डॉ. राजेश नैथानी ने मैज्यूर, जीवई, गघली, कुलनी, वंगार आदि गांवों से आए अस्सी से अधिक ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच के साथ ही दवा वितरित की। उन्होंने लोगों को प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स का उपयोग करने संबधी जानकारी भी दी। डाक्टरों ने मरीजों को गर्मी से बचने की सलाह दी है। मरीजों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिए जाने व बासी खाना खाने से बचने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर राजेंद्र सिंह रावत, आशाराम नौटियाल, पुष्पेंद्र राणा मौजूद रहे।

# होटल संचालक पर फूटा पर्यटकों का गुस्सा, पुलिस से की शिकायत


कोटद्वार कोतवाली में शिकायत लेकर पहुंचे पर्यटक

### उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से लैंसडौन घूमने पहुंचे थे पर्यटक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से लैंसडौन घूमने आए पर्यटकों का होटल संचालक पर गुस्सा फूट पड़ा। आरोप है कि अधिक पैसे वसूलने के बाद भी उन्हें होटल में तय सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई गई। साथ ही होटल कर्मियों ने पर्यटकों व महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया।

गुरुवार को मैनपुरी के पर्यटक अपनी शिकायत लेकर कोटद्वार कोतवाली में पहुंचे। बताया कि लैंसडौन के समीप उन्होंने एक होटल दो दिन के लिए 80 हजार रुपये में बुक किया था। वार्ता के दौरान उन्हें बेहतर सुविधाएं देने का वादा किया गया था।

बताया कि जिसके बाद उन्होंने एडवांस में 40 हजार रुपये भी जमा किए। लेकिन, जब वह उक्त होटल में पहुंचे तो उन्हें कमरों की चाबी देने में ही घंटों का समय लगा दिया गया। साथ ही जो कमरे दिखाए गए उनमें भी साफ-सफाई बिल्कुल भी नहीं थी। सर्विस के नाम पर केवल उन्हें गुमराह किया गया। बताया कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उल्टा होटल संचालन उनसे अभद्रता करने लगे। यही नहीं महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। इसके बाद पुलिस ने होटल संचालक व पर्यटकों से पूरी जानकारी ली ओर दोनों के बीच के मामले को शांत करवाया।



# केदारनाथ यात्रा को लेकर सीएम से मिले बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ यात्रा से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश उनियाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने ज्ञापन देते हुए समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। सीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि यात्रा को सुलभ तथा सुगम बनाया जाना चाहिए। रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा, गुप्तकाशी, फाटा, सेरसी, रामपुर और गौरीकुंड में 250 से 350 वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग का निर्माण किया जाना जरूरी है। विभिन्न पड़ावों से सीमित संख्या में यात्रियों आगे भेजा जाए। जिससे सोनप्रयाग, गौरीकुंड और केदारनाथ में ज्यादा भीड़ से अव्यवस्था न हो। (एजेंसी)

# हाईड्रो इंजीनियरिंग के 12 छात्र करेगें प्रशासन के साथ इंटर्नशिप

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोपावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईएचईटी) बीपुरम नई टिहरी के 12 छात्रों के लिए इंटर्नशिप के लिए प्रोत्साहन राशि की स्वीकृति दी है। बता दें कि गत वर्ष दिसंबर माह में जिला प्रशासन और टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) हुआ था। जिसमें संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने प्रोजेक्ट के संबंध में जनपद के विभिन्न विभागों, प्रतिष्ठानों और क्षेत्रों में कार्य करने के लिए 45 दिनों की इंटर्नशिप कराई जाएगी।

गुरुवार को डीएम मयूर ने चिह्नित 12 छात्र-छात्राओं को 45 दिन की इंटर्नशिप के लिए प्रोत्साहन धनराशि सीएसआर मद से देने की स्वीकृति प्रदान की। प्रत्येक छात्र को 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि इंटर्नशिप के लिए मिलेगी। उन्होंने प्रोजेक्ट से संबंधित विभागों के अधिकारियों को नोडल ऑफिसर भी नामित किया गया है।

साथ ही संस्थान के निदेशक प्रो. शरद कुमार प्रधान को इंटर्नशिप के सफल संचालन के लिए नोडल फैकल्टी अपने कॉलेज में नामित कर संबंधित विभागीय अधिकारियों व नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नोडल अधिकारियों को नई परियोजनाओं और विचारों को डिज़ाइन करने को कहा है। डीएम ने कहा कि नवाचारी प्रयोग और छात्रों को नए आइडिया डेवलप करने ही उनका भविष्य उज्जवल बन सकता है। (एजेंसी)

### सड़क के डामरीकरण की उठाई मांग

नई टिहरी : पूर्व प्रधान किशोर सिंह नेगी ने सीएम को पत्र प्रेषित कर ज्ञानसू-गंगलोगी-डोबरा मोटर मार्ग के डामरीकरण कर सुधारीकरण की मांग की है।

गुरुवार को डीएम दीक्षित के माध्यम से सीएम धामी को नेगी ने ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें सीएम को अवगत कराया गया कि ज्ञानसू-गंगलोगी–डोबरा मोटर का निर्माण वर्ष 2012-13 में किया गया था।

इस मार्ग से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. प्रेम सिंह नेगी का गांव सगवान गांव और डोबरा, खैंडी से गंगालोगी कोटेश्वर बांध परियोजना तक जुड़ गया है। लेकिन मार्ग वर्तमान में काफी खराब स्थिति में है। जिसके चलते सुधारीकरण की जरूरत है। इसलिए इस सड़क मार्ग का डामरीकरण किया जाय। (एजेंसी)

# पुण्यतिथि पर पूर्व मंत्री स्व. इंदिरा हृदयेश को दी श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पूर्व मंत्री स्व. इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि प्रदेश हित में दिए गए इंदिरा हृदयेश के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान संगठन हित में कार्यकर्ताओं ने सदैव उनके बताए मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया।

जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्यों ने स्व. इंदिरा हृदयेश के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. हृदयेश का उत्तराखंड के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वह एक कुशल शिक्षिका, प्रधानाचार्य व प्रबंधक भी रही। उन्होंने प्रारंभ में कोटद्वार के आर्य कन्या इंटर कालेज में अपनी सेवा भी दी है। इस मौके पर रंजना रावत, गोपाल गुंसाई,



कोटद्वार में स्व. इंदिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि देते सदस्य

बलवीर सिंह रावत, प्रवेश रावत, प्रेम सिंह, विजय नेगी, प्रदीप नेगी, चंद्रमोहन रावत मौजूद रहे। महानगर कांग्रेस कार्यालय में भी महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल के नेतृत्व में पूर्व मंत्री स्व. इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यकर्त्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रवीन रावत, विजय रावत, महावीर सिंह रावत, गणेश नेगी, सुदर्शन रावत, राकेश शर्मा, सुनील सेमवाल, विजय माहेश्वरी मौजूद रहे।

# महाराज ने आपदा प्रभावित परिवारों को बांटी राहत सामग्री

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के तहसील बीरोंखाल के अन्तर्गत ग्राम सुकई में गत माह आई आपदा से प्रभावित परिवारों को क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और उनके पुत्र भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुयश रावत ने राहत सामग्री का वितरण किया। श्र महाराज ने बताया कि विकासखंड स्तर से पुलिया निर्माण स्नानागार, पुस्ता, संपर्क मार्ग, चैकडैम और सीसी मार्ग सहित 15 योजनाओं के प्रकरण दैवीय आपदा से स्वीकृति हेतु गतिमान हैं। विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल की तहसील बीरोंखाल के अन्तर्गत ग्राम सुकई में गत माह 22 मई को आई आपदा से कई परिवार प्रभावित हुए थे। उस समय क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने तुरंत एक्शन लेते हुए 24 घंटे से भी कम समय में पीडब्ल्यूडी एवं एनएच के मार्गों को खुलवा कर यातायात सुचारू करवाने के साथ-साथ मौके पर अपने पुत्र भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुयश रावत को भेजकर



प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया था। इतना ही नहीं उन्होंने सुकई के 30 प्रभावित परिवारों को मानक के अनुसार तात्कालिक मदद के तौर पर 2500 से लेकर 5000 रुपए तक की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करवाने के अलावा कुण्जोली में भगत सिंह जिनका मकान आपदा की चपेट में आ गया था को गृह अनुदान धनराशि के रूप में ग्यारह हजार पांच सौ एवं आनन्द सिंह को छः हजार रुपए की धनराशि भी दिलवाई। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और उनके पुत्र भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुयश रावत ने सुकई पहुंच कर प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री का वितरण कर विभागीय अधिकारियों को प्रभावितों को हर संभव मदद उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए।।। श्री महाराज ने बताया कि सुकई गांव की लघुडाल खंड द्वारा पंपिंग सिंचाई योजना के पाइप से गांव के ऊपर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की मांग थी, ताकि उस पानी का उपयोग पीने के लिए किया जा सके। इस योजना के मूल स्रोत पर नदी के किनारे विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमपाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती संध्या देवी, सुकई के प्रधान संदीप सिंह नेगी, तहसीलदार आनंद पाल, विकासखंड अधिकारी जयपाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा-सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद द्वारा **सिंगल पैकेट सिस्टम** द्वारा मिल्क स्टाल की **पांच वर्ष** के ठेके की निविदा E-Tendering (www.ireps.gov.in) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| S N | Station Name & Code | Category of Station | PF No. | Location | Cost of Bid document (in Rs.) Including GST @ 18% (in Rs.) | Reserve Price for Ist Year (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Date & Time submission of Bid & Website |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | BAREILLY (BE) | NSG-3 | 1 | Between TNC and C & W office | 2,950 | 1,16,480 | 60,600 | निविदा दिनांक 04.07.2024 को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर डाली जाएंगी जो उसी दिन खोली जाएंगी |
| 2. | ROORKEE (RK) | NSG-3 | 1 | Near VIP Room | 2,950 | 1,14,816 | 59,800 | |
| 3. | CHANDAUSI | NSG-4 | 1 | Near GRP | 2,950 | 74,517 | 38,800 | |
| 4. | | | 2/3 | CENTRE Near Ex P shed | 2,950 | 73,458 | 38,200 | |
| 5. | HAPUR (HPU) | NSG-4 | 1 | Opp HI Off. | 2,950 | 76,796 | 40,000 | |
| 6. | | | 2/3 | Opp HI Off. | 2,950 | 75,684 | 39,400 | |
| 7. | LAKSAR (LRJ) | NSG-5 | 1 | NEAR FOB | 2,950 | 74,880 | 39,000 | |
| 8. | | | 2/3 | NEAR P CAGE | 2,950 | 73,216 | 38,100 | |
| 9. | NAJIBABAD (NBD) | NSG-3 | 1 | Near CMI off. | 2,950 | 58,989 | 30,700 | |
| 10. | HARDOI (HRI) | NSG-3 | 1 | Near CGS off. | 2,950 | 70,119 | 36,500 | |
| 11. | | | 2/3 | Near Parcel Cage | 2,950 | 69,006 | 35,900 | |
| 12. | AMROHA (AMRO) | NSG-4 | 2/3 | NEAR FOB | 2,950 | 56,763 | 29,600 | |

सं.: वी/20/मिल्क स्टाल/मुरा./2022/सी दिनांक: 12.06.2024 1777/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अफसर जिला योजना में स्वरोजगार परक योजनाओं को विशेष महत्व दें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।** रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए निर्गत की जाने वाली धनराशि की विभागवार समीक्षा की।

उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्वरोजगार परक योजनाओं को विशेष महत्व देते हुए कृषि, उद्यानीकरण, मत्स्य, डेयरी एवं पशुपालन आदि के क्षेत्र में अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित करने के लिए कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के जो भी प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं उनको मुख्य विकास



अधिकारी के माध्यम से भी संस्तुति कर ली जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए शासन द्वारा 58 करोड़ 17 लाख 10 हजार का परिव्यय स्वीकृत किया गया है। जिसके माध्यम से जनपद की विकास योजनाओं/कार्यक्रमों को धरातल पर उतारते हुए इसका लाभ जनपद वासियों को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला योजना के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष 15 दिनों के भीतर सभी निर्माण कार्यों एवं कार्यों के प्रस्ताव जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रस्तावित योजनाओं के प्रस्ताव उपलब्ध न कराने की स्थिति में पूर्ण धनराशि निर्गत नहीं की जाएगी। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि जिला योजना के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य किए जाएंगे उन कार्यों पर जीपीएस सिस्टम के माध्यम से भी जानकारी उपलब्ध करानी होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, सहायक परियोजना अधिकारी विमल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र कुमार बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, अधिशासी अभियंता सिंचाई खुशवंत सिंह चौहान, जल संस्थान अनीश पिल्लई, जल निगम नवल कुमार, लोनिवि ऊखीमठ मनोज भट्ट, अपर संख्याधिकारी सतेंद्र सैनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### इंदिरा हृदयेश को पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

देहरादून। कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को स्व.इंदिरा हृदयेश को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस नेताओं ने उनके कामों को याद किया। साथ ही इस दिन को महिला सम्मान दिवस के रूप में मनाया। पार्टी दफ्तर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्व। हृदयेश के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ। जसविन्दर सिंह गोगी ने वह संसदीय नियमों पर परंपराओं की गहन जानकार थीं। राज्य के विकास के लिए वह हमेशा तत्पर रहीं। कार्यकर्ताओं के दिन में आज भी उनका विशेष स्थान है। कांग्रेस महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री महेंद्र नेगी, देवेंद्र नौटियाल, ललित भद्री, दिनेश कौशल, सविता थापा, आदर्श सूद, संदीप गोयल, सूरज छेत्री, वीरेंद्र पंवार, हुकुम सिंह गड़िया, हरिंदर बेदी, अनुराधा तिवारी, चुन्नीलाल ढींगरा, राम बाबू, प्रदेश महामंत्री महेन्द्र नेगी गुरूजी, गोपाल सिंह गडिया, अमन उज्जैनवाल, फैजल, धीरज थापा मौजूद रहे।

### निजी शिक्षण संस्थान में आयकर का सर्वे जारी

देहरादून। आयकर विभाग ने गुरुवार को दूसरे दिन भी देहरादून के एक निजी शिक्षण संस्थान में सर्वे जारी रखा। इस दौरान संस्थान के कर्मचारियों से पूछताछ की गई। वित्तीय अनियमितता पर टीम संस्थान स्वामी को नोटिस जारी कर सकती है। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार, बुधवार सुबह आयकर विभाग दिल्ली की टीम शिक्षण संस्थान में दाखिल हुई थी।

रात तक अकाउंट सेक्शन में दस्तावेजों की जांच की गई। गुरुवार सुबह संस्थान के कर्मचारियों से भी जरूरी पूछताछ की गई है। सूत्रों के अनुसार संस्थान के वित्तीय अभिलेखों में अनियमितता उजागर हुई है। टीम ने संस्थान के बैंक खातों में हुए लेनदेने की भी जानकारी जुटाई है। उधर, इनकम टैक्स अफसरों ने बताया कि आयकर अधिनियम की धारा 10(23सी) के तहत शिक्षण संस्थानों को मिलने वाली छूट के संबंध में यह रुटीन सर्वे है।

### प्रदर्शन किया

देहरादून। फैक्ट्री, कंपनियों के कर्मचारियों को ईएसआई के तहत इलाज में मुसीबतों को लेकर श्रम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को ईएसआई कार्यालय में प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। सीएमओ आकाशदीप सिंह को कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कौशल, प्रदेश महासचिव एवं महिला प्रभारी पूनम कंडारी ने कहा कि पहले मरीजों को अनुबंधित अस्पतालों में इलाज के लिए डिस्पेंसरियों से डॉक्टर द्वारा रेफर कर दिया जाता था। अब नया नियम बना दिया गया है, जिसमें रेफर के साथ स्टेट लेवल से अप्रूवल भी लेना होगा। इसमें कई-कई दिन लग रहे हैं। जिससे कर्मचारी काफी परेशान हे।कहा कि कठोर कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन किया जाएगा।

### जोशीमठ का नाम बदलने से नहीं होगा लोगों का भला : यशपाल आर्य

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि जोशीमठ आपदा प्रभावितों को राहत देने में नाकाम राज्य सरकार अब शहर का नाम बदल कर अपनी नाकामयाबियों को छुपाना चाहती है। जोशीमठ के नाम बदले जाने पर बयान जारी करते हुए, यशपाल आर्य ने कहा कि आपदा के 18 माह बाद भी आपदा प्रभावित लोगों के हालात नहीं बदले हैं। इस ऐतिहासिक-धार्मिक-सांस्कृतिक शहर को बचाने, प्रभावितों के पुनर्वास और विस्थापन के लिए सरकार ने कोई काम नहीं किया। यशपाल आर्य ने कहा कि लगभग ध्वस्त हो चुके मकानों का मुआवजा तो दे दिया गया है, लेकिन जिस जमीन पर वे मकान बने थे अभी तक उसका मुआवजा तय नहीं हो पाया है। ऐसे में नाम बदलने से लोगों का कुछ भला होने वाला नहीं है।

### वन निगम आउटसोर्स कर्मचारियों को मुख्यालय पर धरना शुरू

देहरादून। वन विकास निगम के करीब आठ सौ आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर निगम मुख्यालय पर गुरुवार से धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने शासन पर सेवा विस्तार का मामला लटकाने का आरोप लगाते हुए 18 जून से अनशन की चेतावनी दी है। साथ ही जल्द वेतन देने की भी मांग की है। कर्मचारियों ने निगम के सभी दफ्तरों में काम बंद कर दिया है। अधिकारियों के वाहन चलाने भी छोड़ दिए हैं। निगम के लकड़ी डिपो में भी आउटसोर्स कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है।

### यूपी के उप मुख्यमंत्री पाठक ने किए बाबा केदार के दर्शन

रुद्रप्रयाग : उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने बाबा केदार की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। बीकेटीसी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री परिवार के साथ केदारनाथ धाम पहुंचे। बृजेश पाठक सुबह हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे। केदारनाथ मंदिर में पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए। जबकि इसके बाद उन्होंने तीर्थपुरोहितों से मुलाकात की। इस मौके पर बदरी-केदार मंदिर समिति ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया जबकि उन्हें केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। दर्शन के बाद यूपी के उप मुख्यमंत्री वापस लौट गए। (एजेंसी)

### वनाग्नि को लेकर वन विभाग अलर्ट

नई टिहरी : वनाग्नि को लेकर डीएफओ नई टिहरी पुनीत तोमर का कहना है कि जनपद में अब तक हुई वनाग्नि की सभी घटनाओं को एक दिन के अंदर ही कंट्रोल किया गया है। कोई भी वनाग्नि एक दिन से ज्याद नहीं चली है। कहा कि तेजी गर्मी के चलते छिट-पुट वनाग्नि की घटनायें क्षेत्रों में हो रही हैं। जिन्हें अलर्ट के बाद मुस्तैदी से बुझाने का काम किया जा रहा है। बताया कि बुधवार को एक वनाग्नि की घटना भिलंगना और दो घटनाएं नई टिहरी के चापड़ा क्षेत्र में रही है। (एजेंसी)

### विकास कार्यों में गुणवत्ता और समय का ध्यान रखें

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक की हिंदाव पट्टी के ग्राम प्रधानों की बैठक गुरुवार को राउमावि अंथवाल गांव में प्रधान रेखा देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने प्रधानों व ग्रामीणों को ब्लॉक की ओर से संचालित मनरेगा, राज्य एवं केंद्रीय वित्त सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए समीक्षा भी की। उन्होंने सभी पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं समय का विशेष ध्यान दिए जाने की अपील की।

## शैक्षिक भ्रमण पर उत्तराखंड आए सीआरपीएफ के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुख्य सचिव से शिष्टाचार भेंट



मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने और आतंकवाद विरोधी कार्रवाई में राज्यों की सहायता में सीआरपीएफ की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है द्य देशव्यापी उपस्थिति के साथ, राज्य पुलिस के साथ सहयोग करते हुए, विभिन्न परिस्थितिजन्य मांगों के साथ तेजी से समायोजन करने की इसकी उल्लेखनीय क्षमता ने

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से सचिवालय में शैक्षिक भ्रमण पर उत्तराखंड आए सीआरपीएफ के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्य सचिव तथा सीआरपीएफ के प्रशिक्षु अधिकारियों के मध्य राज्य में आपदा प्रबंधन, सीमांत गांवो में विकास कार्य और राज्य में संचालित विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। सीआरपीएफ को व्यापक रूप से स्वीकृत बलों में से एक होने की प्रतिष्ठा प्रदान की है।मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

## चैक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच करें

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** विधानसभा उप चुनाव को निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने को लेकर निर्वाचन व्यय में तैनात विभिन्न टीमों उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियों निगरानी दल एवं मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, शिकायत निवारण कक्ष के प्रभारी अधिकारियों, सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ ही उड़नदस्ता व स्थैतिक निगरानी टीम में तैनात पुलिस अधिकारियों को पीजी कालेज गोपेश्वर में प्रशिक्षण दिया गया। नोडल व्यय अनुवीक्षण/सीटीओ मामूर जहां ने कार्मिकों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान उड़नदस्तों एवं स्थैतिक टीमों को पूर्ण सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। उड़दस्ता टीम को लगातार निर्वाचन क्षेत्र में भ्रमण करते हुए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की सभी शिकायतो पर तत्काल कार्यवाही करनी है। सी-विजिल पर प्राप्त शिकायतों को समयान्तर्गत निस्तारण करना है। साथ ही अपनी दैनिक गतिविधि



संबंधी रिपोर्ट बी8 एवं बी9 को नियमित जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित करना है। स्थैतिक निगरानी दल को अपने चैक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच करनी है एवं अवैध शराब, निर्वाचन में रिश्वत हेतु प्रयुक्त होने वाली उपहार सामग्री अथवा भारी मात्रा में नकदी की जांच कर वीडियोग्राफी करते हुए नियमानुसार जब्ती की कार्यवाही सुनिश्चित करनी है। वीडियो निगरानी दलों को अपने क्षेत्र में होने वाले समस्त जनसभाओं, रैलियों रोड शो, नुक्कड़ नाटक आदि की आडियो मोड में वीडियोग्राफी करनी है, ताकि चुनाव खर्च का सही-सही आंकलन किया जा सके। आबकारी टीम को जनपद में मदिरा के भंडारण एवं अवैध मदिरा की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करनी है, वहीं मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति को प्रत्याशियों के प्रचार विज्ञापनों को प्रमाणन करने के साथ ही पेड न्यूज आदि का अनुवीक्षण करना है।

## प्रदेश के सभी राजकीय चिकित्सालयों में एक ही पर्ची सिस्टम जल्द होगा लागू : स्वास्थ्य मंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जनपद में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं चारधाम यात्रा के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चिकित्सालयों में आने वाले मरीजों को कोई परेशानी एवं असुविधा न हो इसके लिए प्रदेश में शीघ्र ही सभी राजकीय चिकित्सालयों में एक ही पर्ची सिस्टम लागू की जाएगी। जिससे कि मरीजों को अन्य चिकित्सालय में पर्ची नहीं बनानी पड़ेगी। इससे मरीजों को जहां एक ओर सुविधा उपलब्ध होगी वहीं उनके धन की भी बचत होगी। कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए धन की कोई कमी नहीं है। इसके लिए यह जरूरी है कि स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए उचित प्रबंधन जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि आम जनमानस को



बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। इस दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को आवासीय व्यवस्था से संबंधित कोई परेशानी न हो इसके लिए सीएमओ एवं सभी चिकित्सकों को आवास उपलब्ध कराए जाने के लिए 10 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध कराने के लिए कहा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इस संबंध में शीघ्र ही प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को अनावश्यक अन्य चिकित्सालय के लिए रैफर न करें एवं आपातकालीन स्थिति में ही मरीजों को रेफर किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि चिकित्सालय अगस्त्यमुनि में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं एनेस्थेटिक विशेषज्ञ की तैनाती करने की मांग की। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अगस्त्यमुनि चिकित्सालय में शीघ्र ही दो चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है तथा श्री केदारनाथ धाम में 50 बेड का चिकित्सालय शीघ्र ही तैयार होगा जिससे आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी, सभासद सुरेंद्र सिंह रावत, मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज बडोनी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसांई, डॉ. संजय तिवारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र सिंह बिष्ट, उप जिलाधिकारी आशीष चंद्र घिल्डियाल, सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## राजधानी दून में चोरों के हौसले बुलंद , कहीं घरों में चोरी तो कहीं ट्रक गायब

देहरादून। देहरादून में चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहा हैं। हाल ही में यहां दो घरों में तो चोरों ने सेंध लगायी ही, ट्रांसपोर्टनगर में दूकान में खड़ा ट्रक(12 टायर) ही गायब कर दिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। आशू सात्विका निवासी इंदर रोड ने डालनवाला थाने में तहरीर दी कि बुधवार को वो घर पर ताला लगाकर कहीं गए थे। शाम करीब पांच बजे जब उनकी मां घर पहुंची तो गेट का ताला टूटा था। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। छानबीन करने पर घर से सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल, नकदी आदि गायब मिली। यहीं नहीं चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी ले गए। डालनवाला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राकेश गुसाईं ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नेहरू कॉलोनी में बंद घर खंगाला : दूसरे मामले में नेहरू कॉलोनी थाने में आरती ममगाईं निवासी मोहकमपुर खुर्द ने तहरीर दी कि वो परिवार समेत अपने गांव गए थे। आठ जून को जब वो घर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। चोरों ने घर पूरी तरह खंगाला था। महिला ने बताया कि चोर घर से सोने-चांदी के जेवर और कुछ जरूरी सामान ले गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

दुकान में खड़ा ट्रक गायब : पटेलनगर थाने में दी तहरीर में आसिफ सोहेल निवासी बडोवाला देहरादून ने ट्रक चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने तहरीर दी कि 05 जून को ट्रांसपोर्टनगर में उनके ट्रक चालक ने वायरिंग के लिए अपने ट्रक खड़ा किया था। सुबह जब वो पहुंचा तो ट्रक गायब था।

## विधायक ने जनता को समर्पित किया सामुदायिक भवन और हाईटेक शौचालय

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** जनपद रुद्रप्रयाग को पहला सामुदायिक भवन की सौगात मिल गई है।

स्थानीय लोगों की आवश्यकता को समझते हुए जिला प्रशासन ने गुलाबराय मैदान में सामुदायिक भवन, अस्थाई पार्किंग एवं हाईटेक शौचालय निर्माण कराया है। गुरुवार को विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी ने करीब 98.94 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन, दो हाईटेक शौचालय एवं वाहन पार्किंग का उद्घाटन कर जनता को समर्पित की।

विधायक भरत सिंह चैधरी, सभाषद सुरेंद्र सिंह रावत एवं उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल ने गुलाबराय मैदान में नव निर्मित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर वार्ड नंबर 06 में 18.83 लाख की लागत से डाट पुल के समीप नव निर्मित हाईटेक शौचालय, वार्ड 02 में मकड़ी बाजार के समीप 18.83 लाख की लागत से नव निर्मित हाईटेक शौचालय, गुलाबराय मैदान के समीप मारुति शो-रूम के पास वार्ड नं-07 में 22.25 लाख की लागत से निर्मित वाहन पार्किंग, 15.19 लाख की लागत से गुलाबराय मैदान के समीप निर्मित वाहन पार्किंग, गुलाबराय भवन के पहले तल पर 23.84 लाख की लागत से नव निर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान कहा कि लंबे समय से जनपद में एक सामुदायिक भवन की आवश्यकता थी। वर्तमान जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने इसके लिए उचित स्थान चिहिन्त कर तत्परता से कार्य करवाया है। इसके लिए जिला प्रशासन की जितनी सराहना की जाए कम है। कहा कि गुलाबराय मैदान जिले का एक मात्र मैदान है जहां बड़े आयोजन होते हैं ऐसे में यहां वाहन स्टेंड एवं शौचालय की कमी भी हमेशा से खलती रही है। मैदान के समीप वाहन स्टेंड एवं शौचालय निर्माण से भी एक बड़ी राहत जनपद वासियों को मिली है।

## डीएम ने किया यात्रा व्यवस्थाओं और पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को बद्रीनाथ पहुंच कर मास्टर प्लान के तहत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों और यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। मास्टर प्लान के तहत संचालित रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यों में मानव संसाधन बढ़ाते हुए प्लानिंग के साथ निर्माण कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। सिविक एमिनिटी सेंटर, अराइवल प्लाजा, टीआईसीसी, हास्पिटल एक्सटेंशन और तीर्थ पुरोहित आवास निर्माण कार्यों को भी तेजी से पूरा किया जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का



विशेष ध्यान रखें और मानसून से पहले महायोजना के अधिकांश कार्य पूर्ण किए जाए। कहा कि जहां पर भी समस्या आ रही है, उसको तत्काल संज्ञान में लाया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बद्रीनाथ में महायोजना के तहत चल रहे रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सिविक एमिनिटी सेंटर, लेक फ्रंट, आस्था पथ, तीर्थ पुरोहित आवास, मंदिर सौन्दर्यीकरण आदि कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जहां पर काम पूरा हो गया है वहां पर ड्रेसिंग की जाए। निरीक्षण के दौरान पीआईयू के अधिशासी अभियंता ने संचालित कार्यों की प्रगति के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने धाम में स्वच्छता एवं साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखने को कहा। इस दौरान उन्होंने धाम में वाटर एटीएम, क्यू मैनेजमेंट, दर्शन स्लॉट प्रबंधन के लिए लगाई गई एलईडी स्क्रीन आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चन्द्र शेखर वशिष्ट, लोनिवि के अधीक्षण अभियंता राजेश चंद्रा, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, सहायक अभियंता सनी पालीवाल, पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पांडेय, ईओ सुनील पुरोहित सहित कार्यदायी संस्थाओं के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## 18 जून को अगस्त्यमुनि में आयोजित होगी रन फॉर योगा मैराथन

### 19 जून को संगम तट पर आयोजित होगा योग का विशेष सत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।** रूद्रप्रयाग : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर 21 जून को श्री केदारनाथ धाम में विशेष योग सत्र का आयोजन होगा। वहीं 18 जून को अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान से रन फॉर योगा मैराथन का आयोजन होगा। इसके अलावा 19 जून को संगम तट पर मंदाकिनी एवं अलकनंदा नदी की कलकल एवं सुंदर प्राकृतिक नजारों के बीच विशेष योग सत्र का अयोजन किया जाएगा। जनपद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग,



होम्योपैथी सहित शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ बैठक आयोजित कर योग दिवस के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिससे हमारी योग विद्या एवं पद्धति की जानकारी आम जनमानस को दिए जाने के साथ ही उन्हें दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। जनपद में विभिन्न स्थानों पर प्रस्तावित कार्यक्रमों में स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को जरूर शामिल किया जाए। ताकि सीधे तौर पर हर घर में योग को अपनाने का संदेश पहुंच सके। आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रघुवीर सिंह पाल ने बताया कि शासन की ओर से 21 जून को योग दिवस के मौके पर एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम श्री केदारनाथ धाम में करवाने के निर्देश हैं, जबकि मुख्य कार्यक्रम गुलाबराय मैदान, रुद्रप्रयाग में होगा। दोनों ही कार्यक्रम सुबह साढ़े छः बजे से शुरू किए जाएंगे। वहीं 18 जून को अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान के समीप से रन फॉर योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा और 19 जून को संगम घाट पर एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया जाना है।

### बजरंग दल ने किया सिद्धार्थ लॉ कालेज में प्रदर्शन

देहरादून। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सहस्त्रधारा रोड स्थित सिद्धार्थ लॉ कालेज में प्रदर्शन किया। उन्होंने कालेज में पढ रहे सभी बाहरी प्रदेशों के छात्र छात्राओं का पुलिस सत्यापन कराने सहित कई मांगें उठायी। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे दल के प्रांत मिलन प्रमुख विकास वर्मा ने कहा दल का एक प्रतिनिधि मंडल दून के प्रत्येक यूनिवर्सिटी और कॉलेज में जाएकर छात्रों को नशा, अपराध व अन्य तरह की समस्याओं के प्रति जागरुक करेगा। इसके अलावा मतांतरण को लेकर भी युवाओं को जागरुक किया जाएगा। उन्होंने शहर भर में कई स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार होने का आरोप लगाते हुए भी पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com